हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 11 जनवरी 2026

06 दो दिन में दुकानदारों ने नहीं हटाया तो अतिक्रमण...



09 यातायात सुगम बनाने पुलिस व्यवस्था चुस्त, नगरपालिका...





## खबर संक्षेप

### एरण महोत्सव का शुभारंभ 14 जनवरी से

**सागर।** ऐतिहासिक नगरी एरण बीना स्थित श्री नरसिंह मंदिर परिसर में 14 जनवरी को सायं 5 बजे से तीन दिवसीय एरण महोत्सव का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे। अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी करेंगे, विशेष अतिथि के रूप में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत उपस्थित होंगे। महोत्सव में सांसद डॉ. लता वानखेड़े सहित क्षेत्र के विधायक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन में लोक कला, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री का खुरई हेलीपैड पर हुआ भव्य स्वागत

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सागर जिले के खुरई आगमन पर खुरई हेलीपेड पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह, संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी विकास शाहवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एवं जन समुदाय मौजूद था।

### पीएम अप्रेंटिशिप मेला 12 जनवरी को सागर में होगा आयोजित

**सागर।** भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के मार्गदर्शन में तथा स्वामी विवेकानंद जयंती युवा महोत्सव के अवसर पर युवाओं को अप्रेंटिशिप के व्यापक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में यह मेला 12 जनवरी सोमवार को शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सागर में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य प्रदेश एवं संभाग के युवाओं को उद्योगों से सीधे जोड़कर उन्हें अप्रेंटिशिप प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगारपरक कौशल प्रदान करना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिशिप मेला युवाओं के लिए सीखते हुए कमाने का सशक्त मंच है जिससे वे प्रशिक्षण के साथ-साथ वास्तविक औद्योगिक अनुभव प्राप्त कर अपने भविष्य को सुदृढ़ बना सकें। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ सहभागिता करेंगी जो आईटीआई उत्तीर्ण डिप्लोमा ग्रेजुएट एवं अन्य योग्य अभ्यर्थियों को उनके कौशल के अनुसार अप्रेंटिशिप के अवसर प्रदान करेंगी।

### रानी फूलपुर-एक ऐतिहासिक ग्रंथ पर चर्चा का आयोजन 14 को

**सागर।** राष्ट्र, समाज, धर्म एवं संस्कृति को समर्पित क्रन्तिकारी व्यक्तित्व रानी गोमती बाई केसरवानी के ऐतिहासिक अवदान पर डॉ प्रदीप केसरवानी एवं ऊषा केसरवानी द्वारा लिखित पुस्तक रानी फूलपुर पर चर्चा का आयोजन 14 जनवरी बुधवार को दोपहर 2.00 बजे से वरदान सभागार, सिविल लाइंस सागर में श्यामलम संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किया जायेगा। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के से.नि.वरिष्ठ न्यायाधिपति सूर्य प्रकाश केसरवानी के मुख्य आतिथ्य व नरेंद्र दुबे प्रसिद्ध लेखक, आलोचक, वरिष्ठ पत्रकार दमोह की अध्यक्षता में होने जा रहे इस आयोजन के मुख्य वक्ता इतिहास विभाग डॉ.हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के पूर्व अध्यक्ष प्रो.बी.के. श्रीवास्तव और इंक मीडिया इंस्टिट्यूट सागर के संचालक डॉ.आशीष द्विवेदी होंगे।

## मुख्यमंत्री ने खुरई विधानसभा क्षेत्र को लगभग 1000 करोड़ से अधिक की सौगातें दीं

# खुरई वालों ने फूलों से होली-दीवाली मना दी, स्वागत देख कर दंग रह गया हूं: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने खुरई विधानसभा क्षेत्र की जनता द्वारा किए गए अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि खुरई वालों ने फूलों से होली और दीवाली दोनों मना दी। ऐसा स्वागत हुआ है कि मैं दंग रह गया हूं, मन कर रहा है कि सब कुछ भूलकर यहीं रह जाऊं। आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा खुरई विधानसभा क्षेत्र के लिए की गई प्रमुख घोषणाओं में एमपीआईडीसी द्वारा राहतगढ़-खुरई-खिमलासा 4 लेन मार्ग के सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 500 करोड़ रुपये की स्वीकृति, 429 करोड़ रुपये की लागत से बीना नदी परियोजना के विलंबित कार्यों को तत्काल पूर्ण कराने की घोषणा, उल्दन बांध परियोजना को वर्ष 2026 तक पूर्ण करने हेतु आवश्यक बजट उपलब्ध कराने का आश्वासन, खुरई कृषि महाविद्यालय के भवन एवं छात्रावास निर्माण हेतु 25 करोड़ रुपये की तत्काल स्वीकृति तथा आवश्यकता अनुसार आगे बजट प्रावधान, कृषि यंत्र निर्माण गतिविधियों को देखते हुए खुरई में नवीन आईटीआई खोलने की घोषणा, खुरई में नेचुरल एथलेटिक्स ट्रैक निर्माण, मालथौन में मल्टी परपज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण तथा रजवांस में 132 केबी विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने की घोषणा शामिल है। स्पष्ट राशि वाली घोषणाओं का कुल योग 954 करोड़ रुपये से अधिक है, जबकि अन्य योजनाओं के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराने का आश्वासन भी मुख्यमंत्री ने दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 312 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया, जिनमें तीन सांदीपनी विद्यालय, एसडीएम कार्यालय, तहसील भवन, अनेक सड़क निर्माण कार्य एवं अन्य अधो संरचनात्मक कार्य शामिल हैं।




आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि बुंदेलखंड वीरों की धरती, महावीरों की धरती और महाराजा छत्रसाल की धरती है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की धरती का अलग ही आनंद हैकृघाम लगे न ठंड जै हो बुंदेलखंड जैसा आनंद। उन्होंने कहा कि ईश्वर की विशेष कृपा से बुंदेलखंड को अनेक सौगातें मिली हैं, खजुराहो के मंदिर स्थापत्य कला के अद्भुत उदाहरण हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में बुंदेलखंड में कैबिनेट की बैठक कर क्षेत्र के विकास को गति दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्रियों शिवराज सिंह चौहान, स्व. बाबूलाल गौर एवं सुश्री उमा भारती ने बुंदेलखंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अब उनकी सरकार का बुंदेलखंड से अटूट रिश्ता बन गया है और विकास के लिए जो भी चाहिए, वह सब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का कलेजा 56 इंच की छाती वाला है। कांग्रेस ने बुंदेलाओं की वीरता को नहीं समझा और उसे सबक मिला। केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना कांग्रेस के समय में हो सकती थी, लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि खुरई का सरबती गेहूं देशभर में प्रसिद्ध है और हर किसान चाहता है कि उसकी धरती खुरई जैसी हो। कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि कृषि एवं उससे जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार सहयोग करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। लाड़ली बहना योजना इसका प्रमाण है। कांग्रेस कहती थी कि योजना बंद हो जाएगी, पैसे कहां से आएंगे, लेकिन आज मध्यप्रदेश की बहनों को 1500 रुपये प्रतिमाह मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। एक बगिया मां के नाम योजना के तहत भूमि, फसल और फल पर दो लाख रुपये तक सहायता दी जाएगी। प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है और गौमाता के दूध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं।

कार्यक्रम के आयोजक पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने स्वागत भाषण में कहा कि मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के आगमन पर खुरई विधानसभा क्षेत्र की जनता ने ऐसा स्वागत किया है, जो इतिहास बन गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है और लोकसभा चुनाव में 29 की 29 सीटें जीतकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को समर्पित की हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के सच्चे ध्वजवाहक हैं। भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्यमंत्री डा मोहन यादव को मांग-पत्र सौंपा, जिन मांगों को समय-समय पर पूरा करने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया।

कार्यक्रम को सागर सांसद लता वानखेड़े ने संबोधित किया। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने भी संक्षिप्त संबोधन किया। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कन्यापूजन किया तथा रैंप पर चलकर उपस्थित जनसमूह पर पुष्पवर्षा कर जनता जनार्दन का अभिनंदन किया।



## संयुक्त सफाई कर्मचारी मोर्चा का दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन किया

**सागर।** संयुक्त सफाई कर्मचारी मोर्चा के द्वारा अपनी 7 सूत्रीय मांगों को शीघ्र निराकरण,कराने हेतु एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में हुए,समझौतों को अमल कराने हेतु नगर निगम नई बिल्डिंग के सामने चरण बद्ध धरना प्रदर्शन, का दूसरा दिन सफल रहा, जिसमे कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर गगन भेदी नारे लगाए,एवं नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी कि शीघ्र हमारा,दो माह का वेतन समस्त कर्मचारियों को अतिशीघ्र दिया जाय। ई. अटेन्डेन्स बंद कर पूर्व की भांति हाजिरी रजिस्टर पर हाजिरी ली जाए। पूर्व का महंगाई एरियर का भुगतान शीघ्र किया जावे, पूर्व की हड़ताल के दौरान कटा हुआ 7 दिन का वेतन दिया जावे, ठेका प्रथा बंद हो तथा पूर्व की भांति सेवानिवृत होने पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जावे, क्रमोन्नति वेतन मान की लंबित फाइलों का निराकरण कर एरियर भुगतान किया जावें, शासन आदेश 18/10/2017के पालन में स्थायीकर्मी/दैनिक भोगी को 30 दिवस का अर्जित अवकाश दिया जावे एवं समस्त सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक संपूर्ण अवकाश दिया जावे एवं तमाम मांगों को सभी ने संबोधित कर समर्थन किया। इस दौरान संयुक्त सफाई कर्मचारी मोर्चे संयोजक सुदेश सनकत, सहसंयोजक कमलेश डागौर, वरिष्ठ नेता महेश सेठ करोसिया, एवं सुरेंद्र महावत के साथ महेश करोसिया, सरवन करोसिया, भोला प्रसाद करोसिया, सुदामा मछंदर, गुलाब मुखिया, बाबू मछंदर, कमलेश नरेंद्र, हेमंत सारवान, राजेश महावत, विजय महावत, रमेश वोयत, दीपक ज्ञान, रेवाराम,दशरथ, सचिन, शिवराज,मुकेश हीरालाल करोसिया, मनोज,जीवन, हेमराज राजकुमार, प्रदीप, बबलैश, नितेश,राहुल,बसंत करोसिया, मनोज, जीवन, हेमराज, राजकुमार, प्रदीप, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी राजेश सिंह ठाकुरसहित बड़ी संख्या में नगर पालिका निगम सागर के सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। समर्थनकर्ता म.प्र राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश मंत्री राकेश श्रीवास्तव, शिवसेना से पप्पू तिवारी, अज्जाक्स संघ से जिला अध्यक्ष गजेंद्र बोहत, बबलैश, छोटेलाल दिलीप, बिहारी, एच.पी हारिया, शंकर, विष्णु,महेश, दिलीप घारू, कुंदन साहू, कुलदीप चौहान, अजय,अनिल करोसिया ने किया।



## औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विद्यार्थियों के शैक्षणिक, व्यावहारिक एवं कैरियर विकास को ध्यान में रखते हुए एक औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम में महाविद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने सागर शहर के प्रमुख औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों मीनाक्षी मेटल इंडस्ट्रीज, संपत्ति फूड प्रोडक्ट्स, विनय एग्रिकल्चर के साथ प्लास्टिक फैक्ट्री का भ्रमण किया। लोहा उद्योग में विद्यार्थियों को कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक की संपूर्ण प्रक्रिया, मशीनों की कार्यप्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मानकों तथा औद्योगिक प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। आटा मिल में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से होने वाली पिसाई, पैकेजिंग, भंडारण व्यवस्था एवं विपणन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया गया, जिससे विद्यार्थियों को खाद्य उद्योग से जुड़े रोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों की जानकारी प्राप्त हुई। उद्योग संघ के उपाध्यक्ष डॉ गुलाब समैया ने विद्यार्थियों को औद्योगिक केंद्र विकास निगम से संबंधित समस्त जानकारी देते हुए बताया कि चनाटोरिया पर औद्योगिक उत्पादन इकाई स्थापित करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों द्वारा अनेक प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। जैसे जमीन की लीज कितने वर्षों एवं कितने दर पर उपलब्ध होती है।

# जीवन और समाज के लिए उपयोगी विषयों पर शोध की आवश्यकता: रघु ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर की शिक्षा शास्त्र अध्ययन शाला के जीवन पर्यंत शिक्षा विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद , नई दिल्ली के प्रायोजन से "उच्च शिक्षा में सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिताः राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य एवं सार्थक आयोजन किया गया। समापन सत्र का संचालन डॉ. शशि कुमार सिंह, ने किया तथा अध्यक्षता प्रो. अनिल कुमार जैन अधिष्ठाता शैक्षिक अध्ययनशाला ने की। मुख्य अतिथि प्रख्यात सामाजिक चिंतक श्री रघु ठाकुर रहे; विशिष्ट अतिथि प्रो. कौशल किशोर शर्मा पूर्व अधिष्ठाता, जेएनयू नई दिल्ली एवं प्रो. प्रवीण कुमार तिवारी शिक्षा संकाय दिल्ली, प्रो गौरव राव शिक्षा संकाय दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली उपस्थित रहे। समापन सत्र में समन्वयक डॉ. योगेश कुमार पाल द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं संगोष्ठी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।



मुख्य अतिथि रघु ठाकुर ने कहा कि समुदायिक सहभागिता के लिए कानून भी बनाये जाने चाहिए. देश की बेहतरी के लिए शोध की दिशा और दशा तय होनी चाहिए. शोध के विषय जीवन और समाज के लिए उपयोगी हों. देश के आवश्यकताओं की पूर्ति हो. शोध में शर्त नहीं होनी चाहिए. शोधार्थियों के स्वतंत्र चिंतन को अवसर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में आलोचना को स्वस्थ परम्परा माना जाता है। यदि आलोचनाओं पर प्रतिबन्ध लगने लगेगा तो लोकतंत्र वास्तविक अर्थो में फलीभूत नहीं होगा. छात्र जीवन के कई अनुभवों को साझा करते हुए मनुष्य की संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया। सामुदायिक उत्तरदायित्व और सामाजिक सहभागिता के लिए भी कानून बनना चाहिए। तभी सही अर्थो में भागीदारी संभव हो सकेगी। उन्होंने शिक्षा नीति के बारे में बात करते हुए कहा कि पूर्व की शिक्षा नीतियों में भी उच्च शिक्षा में अग्रणी और उसे समय की स्थिति के आधार पर बहुत अच्छे सुझाव दिए थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के अंदर लोकतांत्रिक मानस पैदा करने की बात की।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित संयुक्त जांच दल ने किया खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा गठित संयुक्त जांच दल जिसमें तहसीलदार राहतगढ़ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला सागर जिला नापतोल अधिकारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहतगढ़ द्वारा तहसील राहतगढ़ में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया जिसमें खुरई तिराहा स्थित योगेश कैफे में एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक पाई पाई गई जिसका नमूना संग्रहित किया गया एवं घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर जब्ती की गई । एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानो में निरीक्षण कर साफ स्वच्छता संबंधी दिशा निर्देश दिए गए तदोपरांत भोपाल तिराहा स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठान द्वारा लकड़ी के चूल्हे एवं भट्टी का उपयोग खाद्य पदार्थ के निर्माण हेतु पाया गया जिसमें धुएं के उचित निस्तारण हेतु चिमनी लगवाने के के निर्देश दिए इसके लिए आठ दिवस का समय प्रदान किया गया । उसके उपरांत यदि चिमनी की व्यवस्था न की गई तो वैधानिक करवाई की जाएगी इसके उपरांत विदिशा तिराहा स्थित जमजम बिरयानी एवं डोसा स्टेशन का निरीक्षण किया गया और खाद्य सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिए गए डोसा स्टेशन में तय मात्रा से अधिक अजीनोमोटो का उपयोग पाया गया इसके संबंध में दिशानिर्देश दिए गए और राहतगढ़ बस स्टैंड स्थित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया एवं घरेलू सिलेंडर के उपयोग न करने एवं स्वच्छता संबंधी निर्देश दिए गए।




## समाधान योजना के तहत हो रहा है पूरा सरचार्ज माफ पात्र उपभोक्ता योजना का लाभ उठाएं: मुख्य अभियंता

**सागर।** बिजली विभाग द्वारा चलाई जा रही समाधान योजना के अंतर्गत बकाया विद्युत देयक के एक मुष्त भुगतान करने पर देयक मे शामिल सरचार्ज की राशि शत-प्रतिशत माफ की जा रही है उल्लेखनीय है उपभोक्ताओ को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा समाधान योजना की अवधि 31 जनवरी तक बढाई गई है। समाधान योजना के क्रियान्वयन एवं उपभोक्ताओ को योजना का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से सागर वृत्तान्तर्गत शिवरो का आयोजन किया जा रहा है एवं विभिन्न माध्यमो तथा सूची अनुसार पात्र उपभोक्ताओ से टेलीफोन, व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर योजना की जानकारी देकर बकाया राशि वालो से बिल भुगतान करवाकर उन्हे योजना का लाभ दिया जा रहा है। सागर क्षेत्र के मुख्य अभियंता देवेन्द्र कुमार द्वारा बहेरिया वितरण केंन्द्र के ग्राम पंचायत बहेरिया, बम्होरी वितरण केन्द्र के ग्राम रजौआ एवं बरारू वितरण केन्द्र के ग्राम कपूरिया सहित अन्य ग्रामो का भ्रमण कर ग्राम वासियो को समाधान योजना के लाभ के संबंध मे जानकारी दी गई एवं बकायादार उपभोक्ताओ को बिल भुगतान करने हेतु सलाह दी गई। शिविर के दौरान बकाया बिजली बिलो का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओ का सम्मान किया गया ग्रामो मे भ्रमण के दौरान मुख्य अभियंता के साथ श्रीमति चंद्ररेखा प्रभाकर अधीक्षण अभियंता वृत्त सागर, प्रदीप कुमार साहू कार्यपालन अभियंता संभाग सागर, सहायक अभियंता आर.के.अरजरिया, विकास मिश्रा, एवं संबधित वितरण केन्द्रो के प्रभारी सहायक अभियंता कनिष्ठ अभिंयता, उपस्थित थे। उल्लेखनीय है मुख्य अभियंता कुमार द्वारा विगत दिनो सागर वृत्त के समस्त कार्यपालन अभियंताओ, सहायक अभियंताओ एवं कनिष्ठ अभियंताओ की मकरोनिया स्थित विद्युत सभागार मे बैठक आयोजित कर समाधान योजना की वितरण केन्द्रवार समीक्षा करते हुए योजना का लाभ समस्त पात्र उपभोक्ताओ को प्राप्त हो इस हेतु कार्य योजना बनाते हुए लक्ष्य निर्धारित करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राति हेतु संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया था।

## भारतीय ज्ञान परम्परा और विज्ञान का शिक्षा में समावेष विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# जो चल रहा है वह श्रेष्ठ है पर हमें उससे आगे जाना होगा: प्रो चांद किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सिरोंजा में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में "भारतीय ज्ञान परम्परा और विज्ञान का शिक्षा में समावेष" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन के साथ हुआ। तत्पश्चात भारतीय परंपरा को निभाते हुए अतिथियों का हुआ आदर सत्कार। अतिथि स्वागत परिचय संस्था के संस्थापक कुलगुरू डॉ अनिल कुमार तिवारी ने देते हुए कहा कि यह विषय हमारी प्राचीन बौद्धिक विरासत और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के सार्थक समन्वय का प्रतीक है। हमें विश्वास है कि आज का यह विमर्श शिक्षा को अधिक समग्र, मूल्यनिष्ठ और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। संगोष्ठी का औचित्य संस्था के उपकुलगुरू डॉ नीरज तोपखाने ने देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और विज्ञान का शिक्षा में समावेश आज के समय की आवश्यकता है, क्योंकि इससे शिक्षा केवल सूचना तक सीमित न रहकर जीवनोपयोगी और मूल्यनिष्ठ बनती है। भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित गणित, खगोल, आयुर्वेद, योग और दर्शन वैज्ञानिक सोच को सुदृढ़ करते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन संस्था के कुलाधिपति डॉ अजय कुमार तिवारी ने देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा युवाओं को संस्कार, नैतिकता और नवाचार का ऐसा आधार प्रदान करती है, जो उन्हें वैष्विक स्तर पर आत्मविश्वास और पहचान दिला सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा और विज्ञान का शिक्षा में समावेश आज की शिक्षा को केवल तकनीकी नहीं, बल्कि जीवनमूल्य आधारित बनाता है। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ हरीसिंह गौर सागर के कुलगुरू मान प्रो वायएस ठाकुर ने कहा कि आज की भारतीय युवा पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व गहराई से समझना और अपनाना अत्यंत आवश्यक है। भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि समकालीन जीवन का आधार है। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में संस्था के उपकुलाधिपति आदित्य प्रखर तिवारी ने शुभकामना देते हुए कहा कि-हमारे देश की ज्ञान परम्परा प्राचीन और अत्यधिक समृद्ध रही है। भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि एक ''ज्ञानदृसभ्यता'' है। भारतीय ज्ञान परम्परा हजारों वर्षों पुरानी होने के बावजूद आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित शिक्षाविद् एवं निदेशक संस्कृत प्रचार फाउण्डेशन, नई दिल्ली के प्रो चाँद किरण सलूजा ने कहा कि भारतीय का अर्थ है भारत की दृष्टि, जो चल रहा है वह श्रेष्ठ है पर हमें उससे आगे जाना होगा। विद्यार्थियों में इच्छा जाग्रत कीजिए, तभी वे सीखेंगे, कारण को व्यक्त कीजिए, जो देख रहे हो उसे सिद्ध करों। घटने वाली घटना को बताना ही विज्ञान है। हमारे प्राचीन शिक्षा तंत्र में भी वैज्ञानिक सोच और खोज के लिए पर्याप्त स्थान था। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में प्रो प्रवीण तिवारी, आचार्य शिक्षाशास्त्र विभाग दिल्ली विवि ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल आधार वैदिक ग्रंथ हैं, जिनमें खगोल विज्ञान का गहन और वैज्ञानिक स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। वैदिक ऋषियों ने ग्रहों की गति, सूर्य-चंद्र ग्रहण और काल गणना जैसे जटिल विषयों को सूक्ष्म अवलोकन और गणितीय तर्कों के माध्यम से समझाया। भारतीय ज्ञान परंपरा न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि वैज्ञानिक और खगोलिक चेतना का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में प्रो रमेश प्रसाद पाठक, पूर्व विभागाध्यक्ष, लाल बहादुर शास्त्री विवि नई दिल्ली ने कहा कि आधुनिक विज्ञान और भारतीय परम्पराएँ एक-दूसरे के पूरक हैं। सूरज का मूल्य उसकी ऊँचाई से नहीं बल्कि उसकी ऊर्जा के कारण है। आधुनिक विज्ञान भी सौर ऊर्जा को सतत विकास का आधार मानता है।



## जहां से दिन में चार बार निकलते हैं सीएमओ वहां 6 माह से टूटी पड़ी है नाली

# यातायात सुगम बनाने पुलिस व्यवस्था चुस्त, नगरपालिका सुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर शहर की यातायात व्यवस्था हालांकि पूर्व में बनाई गई दीर्घगामी कार्य योजना में खामी के चलते है लेकिन नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही भी इसमें कम नहीं है। इसकी बानगी जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास के पास वह टूटी नाली है जिसमें दो पहिया वाहन तो निकल ही नहीं पाते हैं चार पहिया वाहन भी फंस कर ऐसे उलझ जाते हैं कि घंटा भर तक जाम लग जाता है आश्चर्य की बात यह है कि टूटी पड़ी इस नाली से सीएमओ की गाड़ी दिन में चार बार गुजरती है इसके बावजूद इस नाली का 6 माह से मेंटेनेंस नहीं होना आश्चर्य जनक बात है। यह नाली तो बानगी भर है शहर के और भी ऐसे ही पॉइंट है जहां नपा की अनदेखी के चलते लोगों को सुगम यातायात व्यवस्था नहीं मिल पा रही है।

हालांकि शहर के बाजार में वन वे की सुविधा पूर्व में बनाई गई दोष पूर्ण डिजाइन के चलते नहीं होने से पुलिस जुगाड़ से यहां यातायात व्यवस्था को संचालित किए हुए हैं।



### परेशान हो रहे कई बस्तियों के नागरिक

एनएच रोड बनने के कारण शहर की सड़क करीब दो से ढाई फीट ऊंची हो गई है जिससे दर्जन भर के करीब बस्तियों का आवागमन प्रभावित हुआ है। इन बस्तियों में आने-जाने के लिए लोगों को जुगाड़ कर पत्थर रखकर निकलना पड़ रहा है ना तो एनएच रोड़ों के कनेक्टिविटी मुख्य रोड से की है ना ही नगर पालिका अपने नागरिकों को सुविधा मुहैया कराने की गरज से उक्त रोड के कनेक्टिविटी अपने रोड से कर रही है। नगर पालिका एनएच पर कनेक्टिविटी जोड़ने का दवाब बना रही है जबकि एनएच ठेकेदार उक्त कनेक्टिविटी को अपने टेंडर अनुबंध में होने से इनकार कर रहा है। इसका खामियाजा आम नागरिक को परेशानियों के साथ भुगतना पड़ रहा है।

पुलिस ने जय स्तंभ से पटेल चौक तक आय दिन लग जाने वाले जाम को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास से 6 मजार पुराना बस स्टैंड तक रोड के बीच में डिवाइडर लगाकर जहां रोड को दो हिस्सों में बांटकर एक ओर से जाना और एक और से वापस आना किया हुआ है। इस व्यवस्था का कोई उलंघन न करे इसलिए पुलिस कर्मी भी तैनात किए गए हैं। इस व्यवस्था के तहत शिवपुरी रोड से आने वाले वाहनों को जय स्तंभ से सीधे पाली रोड ओर बड़ौदा रोड कि ओर निकाला जाता है। वहीं पाली रोड ओर बड़ौदा रोड की ओर से आने वाले वाहनों को जयस्तंभ की ओर जाने से रोक कर श्री राम तलाई हनुमान मंदिर के पास से निकाला जा रहा है। बीते दो साल से यह व्यवस्था चल रही है जिससे इस बाजार में जाम की स्थिति कम हुई है लेकिन बीते 6 माह से जिला पंचायत अध्यक्ष के पास रोड को डिवाइड करने वाली जो नाली बनी हुई है वह पूरी तरह टूट-फूट कर क्षतिग्रस्त हो गई है यह नाली इतनी अधिक टूटी है कि आधे रोड पर तो पुलिस बेरीकेट लगाकर लोगों को दुर्घटना से बचाना पड़ रहा है और जो आधी टूटी हुई नाली है उसमें भी आए दिन चार पहिया वाहन फंस रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इस नाली की बाधा को रोज दिन में चार बार सीएमओ की गाड़ी पार करती है लेकिन उन्हें यह नाली क्यों नहीं दिखाई दे रही है जबकि वह भी कई बार टूटी नाली के कारण जाम में फंस चुके हैं।

### इनका कहना है ...

नाली मेंटेनेंस कार्य जोनल वर्क में आता है जिस ठेकेदार के पास काम है उसे नोटिस जारी किया जा रहा है। शीघ्र ही नाली का निर्माण किया जाएगा साथ ही उक्त रोड को भी नया बनाने की योजना पर भी अमल किया जाएगा।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

बीते 6 माह से नाली टूटी हुई है जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह बाधित हो रही है। नाली का मेंटेनेंस जानबूझकर नहीं किया जा रहा है ऐसा प्रदर्शित किया जा रहा है कि नपाध्यक्ष पद पर नहीं है इसलिए लोगों को परेशानी हो रही है ताकि उन्हें अदालत में लाभ मिल सके। जबकि एक लाख रुपए तक के काम कराने के अधिकार सीएमओ के पास है।

**सलाउद्दीन (भूरा)**
**नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका परिषद श्योपुर**

## नेशनल हाईवे 552 पर बगडुआ गांव के पास हुआ हादसा

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नेशनल हाइवे 552 पर शुक्रवार की देर शाम को बगडुआ गांव के पास हुए एक सडक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। यह हादसा कार की टक्कर से घटित हुआ। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हुए। दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए जिला अस्पताल श्योपुर में दाखिल किया गया,जहां इलाज के दौरान 30 वर्षीय रिंकू मीणा पुत्र कमलेश मीणा निवासी सोंईकलां की मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल लोकेश उर्फ अनिल माहौर पुत्र दौलतराम माहौर निवासी वार्ड क्रमांक 12 श्योपुर को भर्ती कर उसका इलाज शुरू कर दिया।

मानपुर पुलिस के मुताबिक सोंईकलां में एक प्रायवेट स्कूल का संचालन करने वाले रिंकू मीणा शुक्रवार की शाम को अनिल माहौर के साथ बाइक पर सवार होकर जब वापस अपने गांव सोंईकलां लौट रहा था,तभी बगडुआ गांव के पास मोड पर उनकी बाइक को एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए,इनमें रिंकू मीणा की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी और शनिवार को पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### अपने माता पिता का इकलौता बेटा था रिंकू

शनिवार को जब रिंकू मीणा का शव जिला अस्पताल से पीएम के बाद अपने गांव सोंईकलां पहुंचा तो वहां कोहराम मच गया। मृतक रिंकू मीणा अपने माता पिता का इकलौता बेटा था, अपने इकलौते बेटे का शव देखकर परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। रिंकू का दादा तो अपने पौते का शव देखकर मानो सुध ही खौ बैठा हो, रिंकू की मां और रिंकू की पत्नी की आंखो से आंसूओ की धार थमने का नाम नहीं ले रही थी। रिंकू का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया,उसकी अंतिम यात्रा में बडी संख्या में लोग शामिल हुए। बता दें कि रिंकू मीणा काफी मिलनसार था तथा उसके एक पाच साल का बेटा भी है।

### काश:होता हेलमेट तो बच जाती जान

इस मामले की जांच करने वाले पुलिस अधिकारियों की माने तो रिंकू की मौत सिर में अधिक चोट लगने की वजह से हुई है। क्योंकि कार की टक्कर लगने के बाद बाइक सवार रिंकू मीणा उचटकर सिर के बल सडक पर गिरा। जिसकारण उसके सिर में गंभीर चोट लगी। यदि रिंकू हेलमेट पहने होता तो शायद उसकी जान नहीं जाती।

## जीवाजी विश्वविद्यालय की इंटर यूनिवर्सिटी टीम में हुआ चयन

# भोपाल में श्योपुर के 5 खिलाडी हॉकी तो 2 खिलाड़ी वेटलिफ्टिंग में दिखाएंगे अपने जौहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के 7 खिलाडी प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के दौरान अपने जौहर दिखाते हुए नजर आएंगे। दरअसल श्योपुर महाविद्यालय के 5 खिलाड़ियों विष्णु बैरवा, चरणजीत सिंह, अमित, योगेंद्र योगी एवं विक्रम बैरवा का चयन जीवाजी विश्वविद्यालय की इंटर यूनिवर्सिटी टीम में चयन हुआ है। जिसके चलते ये पांचो खिलाडी 12-17 जनवरी के बीच एल.एन.सी.टी यूनिवर्सिटी भोपाल में आयोजित होने वाली वेस्ट जोन पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में जीवाजी विश्वविद्यालय की टीम की ओर से खेलते नजर आएंगे। इसके साथही कॉलेज के दो वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों दिलीप शर्मा एवं सौरभ सिंह भदौरिया का चयन जीवाजी विश्वविद्यालय की इंटर यूनिवर्सिटी टीम में चयन हुआ है जोकि संजीव अग्रवाल ग्लोबल एजुकेशनल यूनिवर्सिटी, भोपाल में 12 से 15 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। शनिवार को सभी खिलाड़ियों के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बैठक कर उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाईयां दी एवं आगामी प्रतियोगिता में उनके बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। इस मौके पर चयनित खिलाडियों के साथ महाविद्यालय के प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ मनु प्रताप सिंह, जिला वेटलिफ्टिंग एवं पावरलिफ्टिंग संघ के सचिव सौरभ भदौरिया भी उपस्थित थे।

## मनरेगा और मंत्री विजयवर्गीय के बयान को लेकर कांग्रेस की प्रेस वार्ता आयोजित

# सरकार ने मनरेगा का नाम ही नहीं उद्देश्य भी बदल दिए: दौलतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटा देना भाजपा सरकार की राष्ट्रपिता के प्रति गलत नीति तो है ही साथ ही उसने इस योजना का स्वरूप बदलकर कांग्रेस द्वारा मजदूरों को जो 100 दिन के काम की गारंटी दी थी उसे भी छीनने का काम किया है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व नपा अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता ने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा का नाम बदलने को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कही। इस दौरान कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयानों पर भी कांग्रेस ने सरकार को आड़े हाथों लिया।

प्रदेश नेतृत्व से मिले निर्देश के अनुसार कांग्रेस द्वारा आयोजित हुई प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी के दुर्घटना में घायल होने की वजह से अनुपस्थित रहने पर पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया उन्होंने मनरेगा का नाम बदलने को न सिर्फ राष्ट्रपिता का अपमान बताया बल्कि इस योजना में जो प्रावधान किए हैं वह मजदूरों के लिए लाभ के बाजार नुकसान देने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना में सरकार 125 दिन काम देने की बात तो कर रही है लेकिन साथ ही चार माह काम बंद करने का प्रावधान भी किया है। इससे मजदूरों को रोजगार के लिए देश के विभिन्न प्रदेशों में पलायन करने को मजबूर होना पड़ेगा। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल हमीद (भोला) पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रहलाद सेन, हंसराज मीणा आदि मौजूद रहे।

# इंग्लिश चैनल पार करने 13 जनवरी को श्योपुर से रवाना होंगे सद्दाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पेरा खिलाड़ी सद्दाम हुसैन न्यूज़ीलैंड स्थित इंग्लिश चैनल को पार करने के लिए 13 जनवरी को श्योपुर से रवाना होंगे। इस दौरान उनका स्वागत सत्कार का कार्यक्रम विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा किया जा रहा है। मध्य प्रदेश पेरा प्रशिक्षक मुजीब खान ने बताया कि टीमवर्क के रूप में ऐतिहासिक इंग्लिश चैनल को पार करने के लिए सद्दाम हुसैन का चयन पूर्व हुआ था सभी एंट्री वगैरह हो चुकी है पासपोर्ट वीजा मिल चुका है अब 13 जनवरी को सद्दाम श्योपुर से रवाना होंगे वह कुछ दिन मुंबई रहकर वहां समुद्र में प्रैक्टिस करेंगे इसके बाद न्यूजीलैंड पहुंचकर टीमवर्क के रूप में इंग्लिश चैनल को पार कर पूर्व में बनाया रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास करेंगे। अगर वह पूर्व के रिकॉर्ड को तोड़ने में कामयाब हुए तो भारत और मध्य प्रदेश के साथ-साथ श्योपुर का नाम भी सुनहरे शब्दों में लिखा जाएगा। सद्दाम हुसैन के पूरे सफर के दौरान प्रशिक्षक मुजीब खान भी उनके साथ रहेंगे मध्य प्रदेश पैरा ओलंपिक संघ ने यह व्यवस्था की है।

## 80 साल के बुजुर्ग को अटैक आने पर किया था कॉल

# घंटों करते रहे एयर सेवा का इंतजार मरीज को लेने नहीं आया हेलीकॉप्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गंभीर मरीजों की जान बचाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एयर टू एम्बुलेंस सेवा श्योपुर जिले में पहले प्रयास में ही तब फेल साबित हुई जब एक बुजुर्ग को अटैक आने पर संबंधित के परिजनों ने दिए गए नंबर पर सुविधा के लिए पंजीयन कर दिया। हालांकि पंजीयन सक्सेसफुल हुआ और हेलीकॉप्टर भेजे जाने की स्वीकृति भी मोबाइल पर मिल गई लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी हेलीकाप्टर नहीं आया तो संबंधित परिजन अपने मरीज को बाय एयर ग्वालियर ले जाने के बजाए बाय रोड कोटा राजस्थान इलाज के लिए ले जाने को मजबूर हुए।




मिली जानकारी के अनुसार 80 वर्षीय बुजुर्ग रामस्वरूप शर्मा जो शिवपुरी के निवासी हैं और श्योपुर में अपनी बेटी और दामाद से मिलने आए थे लेकिन शायद सर्दी के कारण वे हार्टअटेक के शिकार हो गए। गंभीर हालत में परिजन उन्हें जिला अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान परिजनों ने एयर टू एंबुलेंस सेवा के उस नंबर पर कॉल लगा दिया जो नंबर राज्य सरकार द्वारा प्रदर्शित किया हुआ है कॉल लगाने पर कॉल सेंटर पर मरीज का नाम पता और भर्ती स्थान पूछ कर पंजीयन सफलतापूर्वक करने की सूचना मोबाइल पर दे दी। खास बात यह है कि इसकी जानकारी कलेक्टर अर्पित वर्मा को भी राज्य शासन के माध्यम से मिल गई थी उन्होंने भी परिजनों को इस योजना का लाभ तत्काल मिलने का आश्वासन दिया लेकिन बाद में सूचना मिली की मौसम खराबी के कारण हेलीकॉप्टर के आने में विलंब हो रहा है जिसके चलते घंटों इंतजार के बाद दोपहर करीब ढाई बजे परिजन अपने मरीज को एंबुलेंस के माध्यम से राजस्थान के कोटा शहर में इलाज के लिए ले जाने को मजबूर हो गए।

## कलश यात्रा के साथ होगा हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ, परिवार समेत शामिल होंगे लोग

# आज भगवामय होगी शिव की नगरी, चार स्थानों पर आयोजित होगा हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आरएसएस के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इन दिनों जिले में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 जनवरी रविवार को शहर श्योपुर में चार स्थानों पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। इन हिंदू सम्मेलनों में शहर के लोग परिवार समेत शामिल होगे। हिंदू सम्मेलनों की शुरूआत कलश यात्रा के साथ होगी। गाजेबाजे के साथ निकलने वाली इन कलश यात्राओं में बडी संख्या में नारी शक्ति सिर पर कलश लेकर शामिल होगी। एक साथ चार स्थानों पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन होने से शिव की नगरी श्योपुर रविवार को भगवामय होती नजर आएगी। इन हिंदू सम्मेलनों को लेकर आयोजन समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शहर श्योपुर में बस्ती वार हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार 11 जनवरी को शहर की चार बस्तियों का हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा। रविवार को शहर की अम्बेडकर बस्ती का हिन्दू सम्मेलन जेके रिसोर्ट वार्ड क्रमांक 15 में आयोजित होगा। इस हिंदू सम्मेलन की कलश यात्रा सुबह 10 बजे से खुलखुली माताजी मंदिर से आरंभ होगी। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए जेके रिसोर्ट पहुंचेगी, जिसके मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीतमयी हनुमान चालीसा होगा। इसके बाद कबीरबस्ती का हिंदू सम्मेलन मोती कुंज में आयोजित होगा, जिसकी कलश यात्रा प्रातः 10 बजे हजारेश्वर मंदिर से प्रारम्भ होगी, जो गाजेबाजे के साथ मोती कुंज में पहुंचेगी, जहाँ विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जबकि शहर की विवेकानंद बस्ती का हिंदू सम्मेलन जाट छात्रावास में आयोजित होगा,इसके लिए कलश यात्रा प्रातः 11 बजे चिंताहरण हनुमान जी मंदिर नहर के पास से प्रारम्भ होगी। यह कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए जाट छात्रावास पहुंचेगी, जहाँ विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलावा शहर की गुरु गोबिन्द सिंह बस्ती का हिंदू सम्मेलन बायपास रोड स्थित हैवी मशीनरी टीनशेड में आयोजित होगा, जिसकी कलश यात्रा प्रातः 10 बजे बस्ती के सभी मंदिरो से प्रारम्भ होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी, जहाँ विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन समितियों ने अधिक अधिक संख्या में हिन्दू समाज से इन हिंदू सम्मेलनों में उपस्थित होने का आग्रह किया है।



### बगडुआ मंडल का कल होगा हिंदू सम्मेलन

सोई खंड में बगडुआ मंडल का हिंदू सम्मेलन 12 जनवरी सोमवार को आयोजित किया जाएगा। बताया गया है कि यह हिंदू सम्मेलन ग्राम पंचायत ददूनी क्षेत्र स्थित सोरती का अंडा महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन की कलश यात्रा ददूनी के हनुमान मंदिर से आरंभ होगी।



### जैनी,गिरधरपुर,दोर्द और गोपालपुर में भी होगा हिंदू सम्मेलन

रविवार को शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। रविवार 11 जनवरी को सोंई खंड के अंतर्गत जहां जैनी और गिरधरपुर मंडल में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वहीं विजयपुर खंडमें दोर्द और गोपालपुर मंडल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार जैनी मंडल का हिंदू सम्मेलन श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। वहीं गिरधरपुर मंडल का हिंदू सम्मेलन गिरधरपुर स्थित शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। कलश यात्रा तीर के हनुमान मंदिर से आरंभ होगी। इस कलश यात्रा को लेकर विहिप की प्रांतीय उपाध्यक्ष अनीता सिकरवार ने गिरधरपुर पहुंचकर वहां की महिलाओं की बैठक ली और महिलाओं से कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया। दोर्द मंडल का दोर्द में और गोपालपुर मंडल का गोपालपुर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

### कल होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार, स्कूलों में अभ्यास आयोजित



श्योपुर। स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पूरे भारत में युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा इस दिन हमेशा की तरह अल सुबह सूर्य नमस्कार कार्यक्रम भी आयोजित होगा। जिला मुख्यालय पर स्थित इस सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में नगर पालिका ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे को भी शामिल किया जाएगा जिन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है योग प्रशिक्षक दिनेश साहू स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को योग क्रिया सीख रहे हैं। शनिवार को उत्कृष्ट विद्यालय में पहुंचे योग शिक्षक दिनेश साहू ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के अभ्यास प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह प्रसंग का वर्णन, सुंदर झांकी देख मंत्रमुग्ध हुए भक्त



श्योपुर। बस स्टैंड स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में शनिवार को कथा व्यास आचार्य कृष्ण मुरारी महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मणि के विवाह की कथा का वर्णन किया। कथा सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा कृष्ण-रुक्मणि विवाह से जुड़ी मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख पूरा पंडाल श्रीकृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। भजन गीतों से सुरों में सभी श्रोता झूमने लगे। कथा व्यास ने कहा कि भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए, यदि अटूट विश्वास है तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। कथा व्यास आचार्य कृष्ण मुरारी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणी के साथ संपन्न हुआ। लेकिन रुक्मणी को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती हैं। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो बहुत प्रभावित हुईं और मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। इसीलिए श्रीकृष्ण ने हरण कर रुक्मणी से विवाह किया। कथा व्यास के मुख से विवाह का विस्तार वर्णन सुनकर श्रद्धालु गदगद हो उठे।

## खबर संक्षेप

### सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 12 को

**अशोकनगर।** जिला पंचायत अशोकनगर की सामान्य सभा की बैठक 12 जनवरी 2026 को अपरान्ह 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारी निर्धारित एजेण्डा की जानकारी के साथ उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

### जिला व्याख्यानमाला का आयोजन होगा 12 को

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 164वीं जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर स्वदेशी जागरूकता एवं स्वामी जी की शिक्षाओं से विद्यार्थियों में प्रेरणा जागृत करने हेतु 12 जनवरी 2026 को जिला स्तरीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दोपहर 12:30 बजे से किया गया है।

### नगरीय प्रशासन विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में नगरीय प्रशासन विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन द्वारा जिले की समस्त नगरीय निकायों में संचालित जल प्रदाय योजनाओं के संबंध में शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रणाली की अनुरक्षण व्यवस्था, पाइपलाइन रिसाव पहचान, पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं शिकायत निवारण तंत्र सुदृढ़ीकरण के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से प्राप्त की गई। साथ ही निर्देश दिये गये कि शासन निर्देशानुसार अपने-अपने फिल्टगर प्लांट, टंकियों की सफाई, जल प्रदाय लाइनों का निरीक्षण, जल प्रदाय लाइन की लीकेज दूरस्तीक का कार्य तत्काल करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जल प्रदाय पर निरंतर निगरानी रखते हुये शहरों के नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदाय करना सुनिश्चित करें, इस संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों का तुरंत निराकरण करें। अवैध कालोनियों पर नियंत्रण के संबंध में शासन निर्देश के अनुसार समस्त शहरी क्षेत्रों में अवैध कालोनी बनाई गई है उनका निरीक्षण कर देखें की शासकीय भूमि पर कोई कालोनी बनाकर अतिक्रमण तो नही हुआ है। समस्त कालोनियों की जानकारी चिन्हांकित कर जानकारी भेजने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत बैंकों से समन्वरय कर लंबित प्रकरणों का निराकरण करायें। साथ ही नगर परिषद शाढौरा द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध की गई प्रगति का सत्यापन करने के निर्देश दिये गये। समस्त नगरीय निकायों में करों की राजस्व बसूली की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत समस्त घटकों में लक्ष्य के अनुसार प्रगति करें तथा अमृत 2.0 योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य समय सीमा में पूर्ण करें। शासन निर्देशानुसार प्रत्येक नगरीय निकाय में गीता भवनों का निर्माण किया जाना है उसके प्रस्ताव शासन को भेजें। सीएम हेल्पलाईन एवं जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश समस्त सीएओं को दिए। बैंठक में समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित उपयंत्री तथा संबंधित शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

### वार्ड क्रमांक 5 में सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने वार्ड क्रमांक 05 में पार्षद आशुतोष देवलिया के साथ 20 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 05 की आनंद बीज भंडार वाली गली सहित अन्य गलियों में सीसी सड़क निर्माण कार्य किए जाने का शुभारंभ किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के पार्षद डॉ जयमंडल यादव, धर्मेंद्र रघुवंशी (खेजरा), गोपाल ओझा, मनीष धुरेंटे, योगेश खेरा, संजीव जाटव एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने नपा अध्यक्ष एवं पार्षद का स्वागत किया।

### गर्ल्स कॉलेज में विश्व हिन्दी दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# बोलियों व संस्कृतियों को एक सूत्र में पिरोती है हिंदी: डॉ रश्मि जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। साथ ही परंपरा के अनुरूप उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता हिंदी विभाग एवं शोधकेंद्र की शोधार्थी ज्योति राठौर ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने हिंदी के वैश्विक स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी आज सात समुंदर पार अपनी महक बिखेर रही है। उन्होंने हिंदी की ऐतिहासिक विकास यात्रा, राष्ट्रीय चेतना के सशक्त माध्यम के रूप में इसकी भूमिका और वर्तमान में इसके अंतरराष्ट्रीय प्रयोगों व बढ़ती लोकप्रियता से छात्राओं को अवगत कराया। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रश्मि जैन ने हिंदी को संस्कारों की जननी बताया।

उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ-साथ अद्भुत समन्वय शक्ति रखती है, जो विभिन्न बोलियों और संस्कृतियों को एक सूत्र में पिरोती है। उन्होंने छात्राओं को हिंदी के शुद्ध उच्चारण और लेखन के प्रति भी जागरूक किया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति उसकी निज भाषा पर निर्भर करती है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें आधुनिक होने के साथ-साथ अपनी जड़ों से जुड़ा रहना चाहिए और हिंदी को अपने दैनिक व्यवहार व आधिकारिक कार्यों में गौरव के साथ अपनाना चाहिए। इस अवसर पर मंच पर सहायक प्राध्यापक प्रकाश चंद, मृणालिनी मिश्रा, सत्यम सिंह कुर्मी, आशीष गुप्ता, प्रशांत कुशवाहा, अरुण उपाध्याय, राजीव लोधी, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, आरती ठाकुर, कीर्ति ठाकुर एवं मनीता राजपूत मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी शुभम राठौर ने किया। आयोजन में कॉलेज की छात्राओं एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर हिंदी के संवर्धन का संकल्प लिया।

## गायत्री विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजन

**सक्रिय ज्वालामुखी, वाटर हार्वेस्टिंग जैसे मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र**





**बीना।** जवाहर वार्ड स्थित गायत्री विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान पर आधारित कई मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी लगाई गई। बच्चों के द्वारा विभिन्न विषयों जैसे जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान पर मॉडल तैयार कर मॉडलों के बारे में उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी, जिसकी लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक निर्मला सप्रे, नगर मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, एचडी गोस्वामी, महामंत्री आलेख राय, नपा सभापति भारती राय, नंबर-1 स्कूल प्राचार्य एसपी तिवारी एवं शाला प्राचार्य प्रदीप तिवारी ने मां सरस्वती का पूजन कर दीप प्रज्वलित करते हुए शुभारंभ किया। विधायक निर्मला सप्रे ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना करते हुए कहा कि कम आयु होते हुए भी इस विद्यालय के बच्चे प्रतिभाशाली है। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने सभी बच्चों से प्रत्येक मॉडल के विषय में जानकारी लेते हुए विद्यालय के स्टाफ की भूरी भूरी प्रशंसा की। नपा सभापति भारती राय ने कहा कि ऐसी विज्ञान प्रदर्शनियां बच्चों की रचनात्मक क्षमता को उजागर करती हैं साथ ही विज्ञान जैसे कठिन विषय को रोचक बनाने का भी काम करती है। इस अवसर पर नगर मंत्री कल्पना चौरसिया, वीरेंद्र भदौरिया, सुरेंद्र ठाकुर, पंचम विश्वकर्मा, वीरेंद्र यादव, सतीश पटेल आदि उपस्थित रहे। स्कूल संचालक सुखनंदन तिवारी ने सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित एवं सभी का आभार व्यक्त किया।

## कड़ाके की ठंड में गौ माता और देश की रक्षा के लिए तपस्या में लीन गौ सेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा



जब अधिकांश लोग कड़ाके की ठंड से बचने के लिए घरों में दुबके रहते हैं, ऐसे समय में गौ माता, भारतीय सेना और समस्त जीव-जंतुओं की रक्षा एवं विश्व कल्याण के लिए कठोर तपस्या करना सच्चे सेवा भाव और त्याग की मिसाल है। दिनारा क्षेत्र के गौ सेवक कल्लू महाराज इन दिनों ऐसी ही अद्भुत और प्रेरणादायी तपस्या में लीन हैं, जो समाज के लिए एक संदेश बनकर उभर रही है।

गौ सेवक कल्लू महाराज ने बताया कि यह उनकी द्वितीय तपस्या है, जो दिनांक 5 जनवरी से 26 फरवरी तक निरंतर की जा रही है। यह तपस्या विशेष रूप से गौ माता की रक्षा, भारतीय सेना के मनोबल, देश की सीमाओं पर तैनात जवानों की सुरक्षा तथा विश्व कल्याण के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि ॢहमारे लिए तपस्या ही गौ माता का कवच बनेगी और वही हमारी रक्षा करेगी।कल्लू महाराज ने भारतीय सेना के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार हमारी इंडियन आर्मी कड़ाके की ठंड, बर्फबारी और कठिन परिस्थितियों में सरहदों पर खड़े होकर भारत माता की रक्षा करती है, उसी भावना से प्रेरित होकर वे भी तपस्या कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह तपस्या केवल किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि भारत में निवास करने वाले सभी मानव, जीव-जंतु, पशु-पक्षी, पेड़-पौधों और सम्पूर्ण पृथ्वी के कल्याण के लिए है।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ॢहमारे लिए सभी सर्वोपरि हैं — चाहे वह गौ माता हो, जीव-जंतु हों, मानव समाज हो या प्रकृति। इस तपस्या का उद्देश्य यही है कि किसी पर कोई आंच न आए, सभी स्वस्थ रहें, निरोगी रहें और देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े।

गौ सेवक कल्लू महाराज ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के तपस्वी जीवन का भी उल्लेख किया और कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के उत्थान के लिए कठिन तपस्या की है, उसी से प्रेरणा लेकर वे भी अपने स्तर पर तपस्या कर रहे हैं। उनका मानना है कि तपस्या केवल आत्मशुद्धि का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण का मार्ग है।इस तपस्या का एक विशेष पक्ष यह भी है कि यह रात्रि के समय कई घंटों तक की जाती है। कड़ाके की ठंड में खुले वातावरण में बैठकर साधना करना उनके दृढ़ संकल्प और सेवा भावना को दर्शाता है। कल्लू महाराज का कहना है कि यह तपस्या गौ माता, भारतीय सैनिकों और समाज के लिए एक आध्यात्मिक सुरक्षा कवच का कार्य करेगी।उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को स्मरण करते हुए कहा उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो।ॢ उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शेर की तरह साहसी बनें, सेवा और समर्पण को अपने जीवन का उद्देश्य बनाएं।अपने संदेश में गौ सेवक कल्लू महाराज ने भावुक शब्दों में कहा दिल दिया है, जान भी देंगे — गौ माता, भारतीय सैनिक, जीव-जंतु और मानव समाज के लिए। हम 24 घंटे सेवा के लिए तत्पर हैं।

## स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ का चंदेरी में औद्योगिक भ्रमण





**अशोकनगर।** शासकीय महाविद्यालय, सहराई के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चंदेरी में एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण एवं एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस भ्रमण की बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के सदस्य अभय सिंघई, धर्मेश दांगी (थाना प्रभारी,सहराई),अम्बरीश वैश्य (जनपद पंचायत सदस्य), के.पी. चैहान (प्राचार्य, शा.माधव विद्यालय सहराई), श्रवण पुष्पधा (पूर्व जनपद पंचायत सदस्य),डॉ. अतुल गुप्ता (प्राचार्य, शा.महा.सहराई), रविन्द्र कुमार रीतोरिया (टी.पी.ओ.),मनोज जैन आदि गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय उद्योगों की कार्यप्रणाली, पारंपरिक हस्तशिल्प एवं ऐतिहासिक धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। औद्योगिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्राणपुर में चंदेरी की प्रसिद्ध साड़ी उद्योग इकाइयों का अवलोकन किया। यहां छात्रों को फैक्ट्री में धागा बनाने की प्रक्रिया, धागों के विभिन्न प्रकार, धागे की गुणवत्ता की पहचान, साड़ी बुनाई की संपूर्ण प्रक्रिया तथा साड़ी निर्माण में प्रयुक्त पारंपरिक करघों की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान मुरादपुर पंचायत के सरपंच मुकेश रैकवार द्वारा विलेज क्राफ्ट का भ्रमण कराया और घरों के बाहर बनी हुई साड़ी की डिज़ाइन को देखकर विद्यार्थी आश्चर्य चकित हुए इसके बाद दीक्षा बुंदेला (मैनेजर) द्वारा हैंडलूम कैफे का भ्रमण कराया गया। प्राणपुर से प्रस्थान के बाद चन्देरी हैंडलूम का औद्योगिक भ्रमण किया यहा आधुनिक मशीनों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने कच्चे माल से लेकर तैयार साड़ी तक की पूरी प्रक्रिया को नजदीक से देखा और उद्योग से जुड़े तकनीकी एवं व्यावसायिक पहलुओं को समझा। इससे छात्रों को वस्त्र उद्योग में उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं की भी जानकारी मिली। यह सब जानकारी हैंडलूम के डिप्टी डायरेक्टर के.एन.गुप्ता के मार्गदर्शन में मिली।

विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम हुआ संपन्न

## यदि हिंदू समाज संगठित नहीं हुआ तो फिर बन सकते हैं बांग्लादेश के जैसे हालात: विमल गुप्ता






हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा नगर में आज विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 5 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत रेस्ट हाउस परिसर से हुई, जहां करीब 1000 से अधिक महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा में भाग लिया।

यह विशाल यात्रा ढोल-ताशों, डीजे और जयघोषों के बीच लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए मंडी के पीछे स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, जहां सम्मेलन का आयोजन हुआ। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा और फूल मालाओं से यात्रा का स्वागत किया गया, जिससे नगर का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बन गया। कार्यक्रम स्थल पर भारत माता पूजन और तुलसी पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने राष्ट्र और संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। सम्मेलन में चेतन पुरी महाराज, हरिदास महाराज, कृष्णा किशोरी देवी, प्रेमानंद जी महाराज, आचार्य रघबीर सिंह जी सहित अनेक संत-महात्माओं की उपस्थिति रही, जिनके सान्निध्य ने आयोजन को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता रहे, जिन्होंने ॢधर्म की जय होॢ के उद्घोष के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को यदि अपने भविष्य को सुरक्षित रखना है तो उसे संगठित रहना होगा, अन्यथा बांग्लादेश जैसे हालात बनने में समय नहीं लगेगा।

उन्होंने भारतीय संस्कृति की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि 84 लाख योनियों के बाद मनुष्य जन्म मिलना सौभाग्य की बात है और उससे भी बड़ा सौभाग्य भारत भूमि में जन्म लेना है, जहां कण-कण में आस्था और परंपरा समाई हुई है। उन्होंने कहा कि भारत एकमात्र ऐसी भूमि है, जहां नदियों को मां का दर्जा दिया गया और जहां के महापुरुषों ने राष्ट्र व धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। मंच पर लगे बलिदानी महापुरुषों के चित्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई और छत्रपति शिवाजी महाराज के त्याग और शौर्य को याद किया तथा कहा कि इन्हीं के कारण समाज में चेतना जागृत हुई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति, इतिहास और राष्ट्रहित के प्रति सजग रहें तथा सामाजिक समरसता और राष्ट्र सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

## दुकान से बाहर मनमर्जी से किए गए अतिक्रमण को प्रशासन की मौजूदगी में हटवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





शहर में चैथे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। चैथे दिन यह कार्यवाही शहर के नए वस स्टेण्ड से प्रारंभ होकर कोलुआ रोड तक की गईं। इस दौरान देखने में आया कि कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर नगरपालिका द्वारा वस्तीयों का पानी निकासी के लिए बनाए गए नाली और नाले पर इस प्रकार से पक्का अतिक्रमण किया कि नाला दिखाई नहीं दे रहा था कि पूर्व में कोई नाला बनाया था या नही।

इसी तरह जब अस्पताल चैराहे से आनंदपुर रोड की ओर अतिक्रमण हटाया गया था वहां पर भी इसी प्रकार से सडक के दोनों ओर पक्का अतिक्रमण किया था। शहर में अधिकांश नाले हैं जिनसे शहर का गंदा पानी शहर से बाहर निकासी की जाती है उन सभी नालों पर जहां देखों वहां पर अतिक्रमण ही नजर आता है। कोलुआ रोड से हटाए गए अतिक्रमण में यह भी सामने आया कि नगरपालिका के नाले को कुछ स्थानों पर दुकान मालिकों ने अपने घर के शौच निकासी के लिए भी उपयोग होता हुआ देखा गया। ऐसी स्थिति देखकर तहसीलदार भारतेन्दु यादव और सीएमओं विनोद उन्नीतान ने संबंधित दुकानदारों और घर के मालिकों पर नाराजगी दिखाई। तहसीलदार भारतेन्दु यादव ने नगर पालिका सीएमओं की उपस्थित में कहा कि इस प्रकार के सेप्टिक टैंक निर्माण करने पर संबंधित दुकानदार और घर मालिकों पर कार्यवाही की जाए। सीएमओं ने नोटिस देने के बात की और सात दिन के भीतर नाले के पास से सेप्टिक टैंक नहीं हटाने पर दण्डात्मक कार्यवाही करने के लिए भी कहा गया। इस अनुरोध को सभी दुकानदारों और घर मालिकों ने स्वीकार कर लिया।

कईं दुकानदार दुकान से बाहर मुख्य मार्ग पर सीसी डाल रखा था इस प्रकार के अतिक्रमण को भी हटाया जाए। विवेकानंद स्कूल से आगे दो कबाड़े के दुकानदारों पर भी कार्यवाही की गई है इन दुकानदारों को सड़क के पास कबाडे का कारोबार करने से मना किया गया है। इस मार्ग के दोनों ओर जो नगरपालिका द्वारा पक्का नाला बनाया गया है इस पर जो भी पक्का अतिक्रमण दिखाई दिया है उसको हटाने की कार्यवाही की जा रही है। नगरपालिका सीएमओ ने कहा कि शहर के सभी नाले नालियों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा। इस मुहिम के दौरान एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी भी मौजूद रहीं। यहां के पूर्व पार्षद ज्ञानी राजपूत भी अतिक्रमण को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते हुए देखे गए।

इस दौरान छात्र छात्राओं से पूछा गया कि उन्होंने मॉडल कैसे तैयार किए?

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं के बनाए आकर्षक मॉडल का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



चंदेरी राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार छात्रों के लिए विकासखंड स्तर पर विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र चंदेरी पर किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए मॉडल प्रदर्शित कर उनका प्रस्तुतीकरण किया गया।

विकासखंड स्तर पर आयोजित इस विज्ञान प्रदर्शनी मेले में ब्लॉक के सभी पांच जन शिक्षा केंद्रों के अनेकों ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के स्कूलों के विद्यार्थियों और शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भाग लिया विज्ञान मेले की प्रदर्शनी की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान अलग- अलग काउंटर पर अलग-अलग विषय के मॉडलों का प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं से विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरभि जैन, बीआरसीसी वेद प्रकाश गोयल, मॉडल स्कूल के प्राचार्य राम सहाय कटारे आदि ने परिचय प्राप्त कर सभी छात्रों के मॉडलों को देखा और विषय वार निर्णायक मंडल से नियम अनुसार मूल्यांकन कराया गया। विषय वार मॉडल, लघु नाटिका, और एकल गीत आदि के प्रदर्शन का सूक्ष्म मूल्यांकन करने के पश्चात प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन निर्णायक मंडल के द्वारा नियम अनुसार किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से पर्यावरण विषय के लिए माध्यमिक विद्यालय नानकपुर के शिवेंद्र अहिरवार, गणित विषय के लिए मॉडल स्कूल चंदेरी की छात्रा सौम्या राठौर,सामाजिक विज्ञान विषय के लिए मॉडल स्कूल चंदेरी के छात्र शिवा नरवरिया, विज्ञान विषय के लिए मॉडल स्कूल के छात्र परमेंद्र सिंह, इसी प्रकार एकल गीत के लिए माध्यमिक विद्यालय भतीजा के छात्र बसंत कुमार, लघु नाटिका के लिए माध्यमिक विद्यालय अमरोद की छात्राएं रानी, सोनिया, गुनगुन और सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम तगारी की छात्रा अनुष्का लोधी का तथा अन्य का चयन किया गया। उपरोक्त चयनित छात्राओं की अगली प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीएसी रविकांत चतुर्वेदी, कमलेश चिढ़ार,धर्मपाल सिंह बुंदेला, विवेक जैन, ब्लॉक सहसमन्वयक प्रकाश राय, साहब सिंह यादव, जितेंद्र सिंह रैकवार, राजकुमार शाक्य, गोधन सिंह नरवरिया, आशीष शर्मा, पतराम प्रजापति, अर्शी नाज,सारिका सुमन आदि उपस्थित रहे।